हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

11 लाला लाजपत राय की जयंती पर भाजपा नेता ने किया नमन



12 एक को जींद में गरजेंगे रणदीप सुरजेवाला : रघुवीर



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मी का एटीएम बदल निकाले 11 हजार

**जींद।** कैथल रोड पर पीएनबी एटीएम से राशि निकलवाने गए व्यक्ति का वहां मौजूद युवक ने एटीएम कार्ड बदल लगभग 11 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी कालोनी निवासी टेकराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीएसफ से सेवानिवृत्त है।

### 13 फरवरी को अनशन पर बैठेंगे सेवानिवृत कर्मचारी

**जींद।** ज्वायंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर सेवानिवृत कर्मचारी 13 फरवरी को जिला मुख्यालय पर क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। सरकार की रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी को लेकर क्रमिक अनशन की शुरुआत रोहतक में 12 फरवरी से होगी। 13 फरवरी को जींद में क्रमिक अनशन किया जाएगा। 25 फरवरी से पांच मार्च तक अन्य जिलों में रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर धरौदी और धमतान साहिब स्टेशन के बीच रविवार दोपहर को एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया लेकिन मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। जीआरपी ने शव को नागरिक अस्पताल नरवाना के शवगृह में रखवा दिया है।

### युवक से 1.165 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल की ओर से कवारतन से एक नशा तस्कर को एक किलो 165 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू किया है। पुलिस ने जानकारी मिलने पर मकान पर दबिश देकर संदिग्ध गुज्जर सिंह को काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे में एक पॉलीथिन से एक किलो 165 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

### वाटर पंप के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि जिला के किसान प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एंव उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) के तहत नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा विभाग हरियाणा द्वारा 3 एचपी से 10 एचपी क्षमता के सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन 29 जनवरी 2024 तक कर सकते हैं। एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि पोर्टल पर आवेदन करने से पहले विभाग द्वारा योजना के पूर्ण दिशानिदेर्शों को ध्यान से पढ़ लें जो पर उपलब्ध हैं।

### पुलिस ने कपड़ा चोर को किया गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ने कपड़ा चोरी करने के एक मामले में आरोपी का एक दिन का रिमांड लिया है। थाना शहर पुलिस के एचसी करनैल सिंह ने गांव फ्रांसवाला निवासी आरोपी नवाज अली को गिरफ्तार किया था। गांव भाणा निवासी कृष्ण चंद ने शिकायत दी थी कि 20 जनवरी उसने कैथल से करीब 40 हजार रुपये का कपड़ा खरीदकर अपनी गाड़ी में रखा। जब वह पास में एक रेहड़ी से फल खरीदने लगा तो उसकी गाड़ी से कपडा चोरी कर लिया गया।

### नागरिक अस्पताल से टीएफटी ले उड़े चोर

**कैथल।** नागरिक अस्पताल से चोर टीएफटी चुरा कर ले गए। अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी सचिन मंडले ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 जनवरी को दोपहर के समय कंप्यूटर की टीएफटी चुरा कर ले गए। हैरत की बात है कि जहां पूरे अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं तो वही सिक्योरिटी भी लगी है। चोरों द्वारा कोविड लैब की टीएफटी चुराया जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

## सीएससी संचालकों ने नहीं दिखाई काम में रुचि, 28 को किया बंद

सीएससी पर मिलती है 144 प्रकार की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिला में लगभग 2500 अटल सेवा केंद्र हैं। जहां पर लोगों को 142 प्रकार की विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं लेकिन जिले में पिछले दिनों 28 सीएससी संचालकों ने बिल्कुल भी काम नहीं किया है। जिसके चलते एनआइसी व सीएससी अधिकारियों द्वारा उन्हें बंद कर दिया गया है। डिजिटल इंडिया योजना के तहत सरकार द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अटल सेवा केंद्र खोले गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकार द्वारा चलाए जाने वाले हर तरह की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना है। अटल सेवा केंद्र में लोगों को ऑनलाइन कार्य करने की सुविधा उपलब्ध होती है। सीएससी पर लोग बीज के लिए लाइसेंस, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राशन कार्ड में परिवार के किसी सदस्य का नाम हटाने या जोड़ने, जन्म पंजीकरण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, शहरी विकास प्राधिकरण के तहत पानी के बिलों का भुगतान, नई सवीरेज कनेक्शन, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, खोई संपत्ति पंजीकरण, ग्रामीण क्षेत्र प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के लिए आवेदन सहित अन्य विभिन्न कामों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### क्यूआर कोड से पता कर सकते हैं रेट

गांव और कस्बे के लोग ऑनलाइन माध्यम से सरकारी योजनाएं के लिए आवेदन कर सकते हैं ताकि लोगों को सरकारी कार्यालय के धक्के नहीं खाने पड़े और लोगों को फोन पर ही सरकारी योजनाओं के लिए किए आवेदन का फीडबैक मिलता रहे। जिले के 28 सीएससी संचालक काम करने में ज्यादा रुचि नहीं दिखा रहे थे। इसके चलते लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में एनआईसी अधिकारियों द्वारा 28 सीएससी को बंद किया गया है। सीएससी संचालकों को विभिन्न कामों के लिए ऑनलाइन आवेदन की रेट लिस्ट भी अटल सेवा केंद्र में चस्पानी होती है, जिसमें एक नीचे क्यूआर कोड भी लगाना होता है। अगर किसी उपभोक्ता को लगता है कि सीएससी संचालक उससे 'याद्रा रुपये ले रहा है तो वह क्यूआर कोर्ड को स्कैन करके देख सकता हैए जिसके माध्यम से उपभोक्ता के फोन पर सही रेट लिस्ट खुल जाती है।



रेट लिस्ट

### समय-समय पर सीएससी का करते हैं विजिट

सीएससी जिला प्रबंधक विशाल ने बताया कि पिछले दिनों कुछ सीएससी पर निरीक्षण किया गया था, जो काम करने में रुचि नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में जिले की विभिन्न 28 सीएससी को बंद किया गया है। लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। जिसमें से ज्यादातर काम सीएससी पर होते हैं। एनआईसी के अधिकारी समय-समय पर सीएससी पर विजिट करते रहते हैं ताकि लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक लेते रहें।

## एक समान किए जा रहे विकास कार्य : विधायक लीलाराम

## आंबेडकर भवन का उद्घाटन व गली का किया शिलान्यास

■ सामूहिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वार्ड नंबर एक अर्जुन नगर, माजरा बस्ती गली नंबर चार में विधायक लीला राम ने रविवार को 25 लाख की लागत से अंबेडकर भवन का उद्घाटन व गली नंबर तीन का शिलान्यास किया। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग व प्रतिनिधि सुरेश गर्ग भी मौजूद रही। इस मौके पर विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं और परियोजनाओ का क्रियान्वयन किया गया है। सरकार सबका साथ-सबका विकास के तहत एक समान विकास कार्य किए जा रहे हैं। हल्के में भी सभी वर्गों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट सही तरीके से नहीं पहुंचती थी परंतु भाजपा सरकार ने जगमग योजना के तहत 24 घंटे लाइट उपलब्ध करवाई है। आयुष्मान योजना लोगों के लिए काफी हितकारी सिद्ध हो रही है यदि किसी परिवार में कोई व्यक्ति या बच्चा बीमार हो जाता है और वह परिवार गरीब है तो वह सरकारी अस्पताल व पैनल के प्राइवेट अस्पताल में जाकर अपना इलाज मुफ्त में करवा सकता है। जरूरतमंद व्यक्ति जिसको समाज में कोई नहीं पूछता था, सरकार उन लोगों तक पहुंच बनाई है। व्यक्ति से पूछ करके उसकी समस्याओं का समाधान किया गया है। कहा कि सरकार के पास धन की कमी नहीं है। सामूहिक कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सुविधाओं को मुहैया करवाया जा रहा है।



**कैथल।** विधायक लीला राम, नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग और सुरेश गर्ग गली का शिलान्यास करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर परिषद की पार्षद बलराज सिंह उझाना, सत्यवान माजरा, पूर्व पार्षद प्रवीण सिंगला, रामकुमार नैन, कुशलपाल सैन, मुकेश, सुनील, अशोक, राहूल, जगसीर, जसमेर, पवन, बलबीर सिंह, पाला राम, रघबीर सिंह, राजेंद्र ठाकुर, शीशपाल, सुरेंद्र सिंह, दिलबाग सिंह, रमेश, संजीव महेरा, सूरजभान मेहरा, नंदा राम, मोहित धीमान,धूप सिंह, सोमदत्त शर्मा, प्रेम सिंह, मीनू क्योड़क, जोगिंद्र धीमान, अशोक धीमान, मुकेश महेरा आदि मौजूद रहे।

## फोरम ने दिए कंपनी को वांशिग मशीन बदलने के आदेश

**कैथल।** उपभोक्ता फॉर्म में कंपनी को दिए वाशिंग मशीन बदलने के आदेश जिला उपभोक्ता एवं कष्ट निवारण आयोग ने वाशिंग मशीन निमार्ता कंपनी आईएफबी इंडस्टरीज वितरक को आदेश दिए हैं कि दोषपूर्ण वाशिंग मशीन को जो स्थानीय सेक्टर 19 के जयप्रकाश को बेची गई थी उसे 45 दिन के अंदर रिप्लेस किया जाए। उपभोक्ता जयप्रकाश ने आरोप लगाया था कि उसने उक्त कंपनी द्वारा निर्मित वाशिंग मशीन 33000 में नवंबर 2021 में खरीदी थी। यह मशीन शुरू से ही दोष पूर्ण रही और ठीक प्रकार से नहीं चली। इस बारे में उसने कंपनी तथा स्थानीय वितरक को शिकायत की तथा मोबाइल पर संदेश भी भेजे। दोनों पक्षों ने अपने-अपने केस को संबंधित दस्तावेज या बयान कृपया प्रस्तुत किया।

आयोग ने अपने फैसले में लिखा कि खरीदारी के समय कंपनी ने उपभोक्ता को चार साल की सुपर वारंटी तथा 10 साल की स्पेयर पाट्र्स सपोर्ट 10 साल की मोटर वारंटी दी हुई है। आयोग की अध्यक्ष नीलम कश्यप, सदस्य सुमन राणा व सुनील मोहन त्रिखा ने सर्वसम्मति से फैसले में मशीन रिप्लेस करने तथा ऐसा संभव होने पर 33000 की राशि उपभोक्ता को 45 दिन के अंदर लौट के आदेश दिए।

## ओपीएस संकल्प महारैली में जुटेंगे प्रदेश के कर्मचारी



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

■ रैली में भीड़ जुटाएगी पेंशन बहाली संघर्ष समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की 11 फरवरी को एकलव्य स्टेडियम में होने वाली ओपीएस संकल्प महारैली को लेकर बस अड्डा स्थित कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल ने की। इस अवसर पर महासचिव ऋषि नैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर, कोषाध्यक्ष ज्ञान गिल, विजय भुना, जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान शामिल रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की लड़ाई केवल कर्मचारी वर्ग की लड़ाई नहीं है। इस रैली में प्रत्येक कर्मचारी संगठन के अलावा सामाजिक संगठनोंए छात्र एवं युवा संगठन भी शामिल होंगे। पूर्व विधायक और पूर्व सांसद चार-चार पेंशन तथा जनता के टैक्स के पैसे से वेतनए भत्ते और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेते हैं। वहीं कर्मचारी अपने जीवनकाल के 30 से 35 वर्ष जनता की सेवा और सरकार की नीतियों को धरातल पर लागू करवाते हैं, उनको दो हजार से 2500 रुपये पेंशन मिलती है। इस पेंशन से कर्मचारियों का गुजारा नहीं हो सकता। उन्होंने सरकार से मांग की कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए अन्यथा आने वाले समय में वोट फॉर ओपीएस की मुहिम चलाई जाएगी। रैली के लिए गांव और शहर स्तर पर डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है। वहीं रैली में ग्रामीणों की विशेष भागीदारी के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## डा. रमेश को हरियाणा सिविल डेंटल सर्जन संगठन का अध्यक्ष चुना गया

■ नागरिक अस्पताल जींद में बतौर डिप्टी सीएमओ कार्यरत हैं डा. रमेश पांचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा स्टेट डेंटल एसोसिएशन की जनरल बैठक हुई। जिसमें सभी जिलों से आए हुए सभी सीनियर, डिप्टी व स्पेशलिस्ट डेंटल सर्जन उपस्थित रहे। इस बैठक में नई स्टेट बॉडी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें डिप्टी सिविल सर्जन डेंटल जींद डा. रमेश पांचाल को अध्यक्ष, डा. दीपक सिविल अस्पताल पंचकूला को महासचिव व डा. कपिल शर्मा उपमंडल नागरिक अस्पताल नरवाना को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डा. रमेश पंचल ने कहा कि वह सरकार से डेंटल कैडर को तीनों एसीपी जो की 100 प्रतिशत कैडर को मिलनी चाहिए और जोकि 2008 व 2009 से लंबित है, उसकी जोरदार सिफारिश करेंगे। उन्होंने इस बात को सदन के सामने रखा कि डेंटल सर्जन हरियाणा सरकार व भारत सरकार के साथ मुख्य धारा में महत्वपूर्ण भूमिका पहले भी कर रहे थे और जितने प्रोग्राम हरियाणा सरकार और भारत सरकार के चल रहे हैं, उसमें अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। जल्द ही वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा स्वास्थ्य व गृह मंत्री अनिल विज से समय लेकर इन लंबित मांगों को रखेंगे और उनसे अनुरोध करेंगे कि मांगे पूरी करी जाएं।



**जींद।** बैठक में हरियाणा सिविल डेंटल सर्जन संगठन के अध्यक्ष चुने गए डा. रमेश पांचाल।

## प्रो. सीबी बने सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति के प्रधान

■ अपने प्रतिद्वंद्वी सरूप सिंह को 178 मतों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर की सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति का चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में संस्था के पूर्व प्रधान बीरभान सैनी ने चुनाव अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

समिति के चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रधान पद में प्रो. सीबी सैनी के गुट ने बाजी मारी और उनके गुट के सभी सदस्य ने पांचों पदों पर भारी मतों से विजयी हुए। समिति के चुनाव में डले 836 मतों में से प्रधान पद के लिए प्रो. सीबी सैनी को 503 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सरदार सरूप सिंह 325 मत मिले। इसमें आठ मत हुए और प्रो. सीबी सैनी ने 178 मतों से जीत प्राप्त की। इसी प्रकार से उपप्रधान पद में संजीव कुमार 480 मत मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी रामप्रसाद सैनी को 346 मत प्राप्त हुए। इसमें 10 मत रद हुए। जीत का अंतर 134 मतों का रहा। समिति में महासचिव पद के लिए राजेश कुमार को 508 मत मिले। दूसरे गुट के सुभाष चंद सैनी को 325 मत मिले। इसें तीन वोट रद हुए और जीत का अंतर 183 मतों का रहा। सह सचिव पद के लिए दिनेश सैनी 539 मत मिले। दूसरे गुट के ओमप्रकाश 303 मत मिले। जीत का अंतर 226 रहा और चार मत रद हुए। कैशियर पद के लिए हरीश सैनी को 507 मत मिले व प्रदीप सैनी एडवोकेट को 324 मत मिले। इसमें पांच मत रद हुए और जीत का अंतर 183 का रहा। चुनाव प्रक्रिया में 877 मतों पर चुनाव होना था। इसमें से 836 मत डाले गए। चुनाव प्रक्रिया के तहत चंदाना गेट स्थित सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन बूथ बनाए गए थे। जीत के बाद प्रो. सीबी सैनी ने कहा कि वे अपनी जीत का श्रेय पूरे समाज को देते हैं। यह चुनाव एक आपसी भाईचारे का चुनाव रहा। अब समिति की ओर से संचालित किए जा सैनी स्कूल के सुधार की दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे, जिससे समाज के लोगों के बच्चों को इसका लाभ मिल पाए।



**कैथल।** चुनाव प्रक्रिया में मतदान करते सदस्य व प्रधान बने प्रो. सीबी सैनी (इनसेट)।

### रविवार को धूप नहीं निकलने से ठंड ने पकड़ा जोर

## मौसम ने फिर से ली करवट, छाया कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शनिवार को तेज धूप निकलने के बाद रविवार को एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। सुबह के समय हल्का कोहरा छा गया और दिनभर तेज हवाएं चली। आसमान में बादल छाए रहने के चलते दिनभर धूप नहीं निकली और ठंड का प्रभाव बढ़ने लगा। पूरा दिन पांच किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली। धूप न निकलने से दिनभर लोगों के हाथ पांव ठंडे रहे। दोपहिया वाहनों की भी ठंड के चलते रफ्तार कम रही। दोपहर को एक बजे हवाओं के चलते कोहरा तो छट गया, लेकिन हवाओं के चलते ठंड का प्रभाव जारी रहा। वहीं तापमान स्थिर बना रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। ठंड के चलते अगेती फसलों की बिजाई में देरी हो सकती है और मटर की फसलों में दाना नहीं बन पा रहा।बीते दो दिन से तेज धूप निकल रही थी, जिससे दोपहर के समय गर्मी का भी आभास होने लगा था। रविवार सुबह मौसम ने एकदम से करवट ली और कोहरा छा गया। दिनभर हवाओं के चलते आमजन व दोपहिया वाहन चालकों को भी ठंड के चलते परेशानी हुई। बाजारों में लोग अलाव व गर्म हीटर से दुकानदार सेकते नजर आए। वहीं शाम होते होते एक बार फिर से कोहरा छाने लगा।



**राजौंद।** सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते हुए दुकानदार।

### अलाव का सहारा लिया

**राजौंद।** रविवार को ठंड का पूरा प्रकोप देखने को मिला। पूरा दिन सर्द हवाओं के बीच लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हुई। हालांकि कल बहुत तेज धूप निकली थी लेकिन रविवार को तो सूर्य देव नहीं दिखाई दिए, शीत लहर व ठंड का प्रकोप लोगों को पूरा दिन झेलने को मिला। शाम डलते ही एक बार फिर से अंधेरा छा गया और कोहरा पढ़ना शुरू हो गया। लोगों ने बताया कि रविवार को ज्यादा ठंड देखने को मिली है। कल धूप काफी तेज निकली थी लेकिन रविवार सुबह से ही आसमान पर छाए बादलों के साथ एक बार सूर्य देव निकलते लग रहे थे लेकिन बादलों के पीछे छिपने के कारण पूरा दिन ठंड ने प्रकोप बरसाए रखा। जिससे बेजुबान पशुओं को भी इसका खामियाजा भुतने को मजबूर होना पड़ा। जनवरी पूरा बीतने को है। लेकिन ठंड घटने का नाम नहीं ले रही।

## दंपत्ति से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों ने चार अन्य वारदातों का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ सफीदों ने सफीदों के हाट रोड स्थित एसबीआई बैंक से गत 20 जनवरी को बुजुर्ग दंपति की आंखों में मिर्च डाल कर नगदी, मोबाइल फोन व बैग छीनने के मामले में चार आरोपितों को काबू किया है।

सीआईए इंचार्ज एएसआई कमल सिंह ने बताया कि सीआईए टीम एएसआई जलोरा सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन सफीदों के निकट गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एसबीआई बैंक के पास से आंखों में मिर्च डाल कर नगदी, मोबाइल फोन छीनने के आरोपित ईको वैन में गैस गोदाम रोड सफीदो की तरफ आएंगे। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गैस गोदाम रोड पर नाकाबंदी कर दी गई। तभी ईको गाड़ी में चार युवकों को पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवकों की पहचान गांव बागडू कलां निवासी अंकित, गांव ढाणा कलां निवासी तुलसी उर्फ डेविल, आशीष उर्फ काला, गांव ढाणा खुर्द हिसार निवासी हिमांशु उर्फ बाबा के रूप में हुई। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत से रिमांड पर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से गत 20 जनवरी को एसबीआई बैंक हाट रोड सफीदो से नगदी, मोबाइल फोन, बैग छीनने के मामले में प्रयोग की गई ईको वैन, मोबाईल फोन बरामद किया गया। इसे अलावा आरोपितों ने गत 20 जनवरी को पानीपत के पास गांव बुढशाम टी प्वायंट पर शराब के ठेका के सैल्जमैन को चोटें मार कर नगदी छीनी थी।

गत 18 जनवरी की रात आईएमटी मानेसर गुरुग्राम से चोरीशुदा ईको वैन बरामद की गई। गत 26 जनवरी की रात गांव इकबालपुर गढी हरसरु गुरुग्राम से चोरी शुदा ईको वैन बरामद की। गत 22 जनवरी की रात गांव कालवा पैट्रोल पंप से मोटरसाईकिल चोरी करने वारदात का खुलासा किया।



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में चारों आरोपी।

## खबर संक्षेप

### विज्ञान अध्यापक बलिंद्र गिल को किया सम्मानित

**उचाना।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बलिंद्र गिल विज्ञान अध्यापक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर को सम्मानित किया गया। बलिंद्र गिल ने बताया कि कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि फतेहाबाद विधायक दुडा राम द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम उचाना गुलजार मलिक भी इस दौरान मौजूद रहे।

### मकान का टूटा ताला लाखों के गहने चोरी

**जींद।** गांव अलेवा में चोरो ने मकान का ताला तोड़ कर छह तोले सोना, डेढ़ किलोग्राम चांदी तथा लगभग तीन लाख रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। अलेवा निवासी नीलम ने बताया कि पिछले दिनों उसकी बेटी की शादी थी। वह भात मोडने के लिए मायके गई थी। चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर छह तोले सोने के व चांदी के गहने चोरी कर लिए।

### पर्यावरण शुद्धि व समृद्धि के लिए किया हवन

**नरवाना।** आर्य समाज नरवाना में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण शुद्ध एवं समृद्धि के लिए हवन का आयोजन किया गया। सत्संग में धर्मपाल आर्य एवं यशपाल आर्य ने महर्षि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, बलिदानियों महान क्रांतिकारियों और आर्य समाज के राष्ट्र की स्वतंत्रता योगदान का भजन एवं गीत के माध्यम से यशोगान किया गया।

### धरौदी की टीम ने मैच जीत कर 71 हजार इनाम राशि

**नरवाना।** 20 जनवरी से 26 जनवरी तक हिसार के चानौत गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। टीम कप्तान बिट्टू नैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पजांब व राजस्थान की 48 टीमों ने भाग लिया। जिसमें गांव धरौदी की क्रिकेट टीम ने भी भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### मास्टर रघुबीर शरण मघान पंचतत्व में विलीन

**सफीदों।** सफीदों क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर रघुबीर शरण मघान (95) का देर रात निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन का समाचार फैला लोग उनके निवास पर उमड़ पड़े और परिवार को ढांढस बंधाया। रविवार को उनका अंतिम संस्कार नगर के रामपुरा रोड स्थित शिवभूमि में पूरे विधिविधान से किया गया।

### स्काउट एंड गाइड की टीम परेड में रही प्रथम

**जींद।** गणतंत्र दिवस पर एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना की हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की टीम ने परेड में भाग लिया। जिसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन दिखाते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड रा'य स्तरीय ट्रेनर कैप्टन कृष्ण कुमार व जिला सचिव सूबेदार वेदपाल ने कमांडर अंशु व पूरी टीम को मजबूती से तैयार किया। जिसमें बच्चों ने कड़ाके की ठंड की परवाह न करते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान पर पहुंचने का कार्य किया।

## देश में सबके लिए एक समान शिक्षा और चिकित्सा सुविधा मिले : अरविंद

# जींद की धरा से केजरीवाल का ऐलान पांच मांगें पूरी करें तो छोड़ देंगे राजनीति

- इंडिया गठबंधन के हिसाब से ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव सरकार बनाने के लिए लड़ेंगे
- हरियाणा में 'आप' की सरकार आने पर बिजली बिल होंगे माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** एकलव्य स्टेडियम में रैली को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल। फोटो :हरिभूमि

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो हरियाणा के बेटे हैं और जेल जाने से नहीं डरते हैं। उन्होंने जींद की धरा पर ऐलान किया कि वो राजनीति छोड़ने को तैयार हैं, अगर उनकी पांच मांगों को पूरा कर दिया जाए। 140 करोड़ लोगों की तरफ से पहली मांग है कि देश में सबके लिए एक समान शिक्षा मिले। दूसरी मांग पूरे देश में सबके लिए एक समान सबको अच्छा इलाज मिले। तीसरी मांग महंगाई कम की जाए। चौथी मांग हर युवा को रोजगार मिले और पांचवी मांग इस देश में बिजली सभी को 24 घंटे मिले। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को जींद के एकलव्य स्टेडियम में रविवार को आयोजित एक मौका केजरीवाल को बदलाव जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा के चुनाव आ रहे हैं। सभी जानते हैं कि किस तरह इंडिया गठबंधन बना है, गठबंधन के हिसाब से ही चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव आप की सरकार बनाने के लिए अकेले लडेंगे। अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं और 90 की 90 सीटें आप को देना। केजरीवाल ने कहा कि वो पक्के ईमानदार, देशभक्त, राम व हनुमान भक्त हैं। वो दिल्ली और पंजाब में राम राज्य की तरह ही प्रशासन चला रहे हैं। वो सत्ता के लिए नही बल्कि जनसेवा के लिए आए हैं। बावजूद इसके उन्हें गिरफ्तार करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। सारी एजेंसियां उनके पीछे लगा रखी हैं। वो आतंकवादी नही हैं, ये लोग आतंकवादी हैं जिन्होंने इतनी महंगाई कर रखी है। क्योंकि बिजली कंपनियां इनके दोस्तों की हैं। शिक्षा व तेल माफियाओं के साथ इनकी सेटिंग हैं। वो भ्रष्टाचार को खत्म करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्हें जेल भेजने का काम किया जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि 2015 में दिल्ली में आप की सरकार बनी थी। नए-नए कानून ला कर उनके मंत्रियों को जेल में डालने का काम किया। ये लोग कानून पर कानून लाते रहे लेकिन फिर भी वो नही रूके। अब उन्हें जेल में डालने की बात की जा रही है। मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया, इसलिए कि उन्होंने गरीबों के बच्चों को शिक्षा दिलाने का काम किया। सतेंद्र जैन को इसलिए जेल में डाला, क्योंकि वो सबको मुफ्त इलाज दिलाने चाहते थे। आज दिल्ली में मुफ्त उपचार हो रहा है। वो जेल से डरने वाले नही है। हरियाणा के हैं और हरियाणा के बेटे को डराने की कोशिश न करें। हरियाणा के एक तरफ पंजाब व एक तरफ दिल्ली है। दोनों प्रदेशों की जनता खुश है। अब सारा हरियाणा बदलाव मांग रहा है। दिल्ली वालों ने बदलाव कर दिया, पंजाब ने बदलाव कर दिया। अब बारी हरियाणा की है। उन्होंने कहा कि स्टेज पर बिजली के एक लाख बिल रखे हैं, जो जीरो हैं। दिल्ली में लोगों की बिजली मुफ्त है। हरियाणा के लोग भी अपने बिजली बिल जीरो करवा सकते हैं। जोकि कोई पार्टी नही कर सकती है। केवल आप पार्टी ही ऐसा कर सकती है। इसलिए पढ़े लिखों को वोट देना। सीएम केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में चुनाव के दौरान युवा मिलते थे तो नौकरी के लिए कहते थे। अब पंजाब में आप की सरकार बने दो साल हुए हैं और 44 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। मनोहर सरकार के पास युवा नौकरी के लिए गए तो उन्हें मजदूर बना कर इजरायल भिजवा दिया गया। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहरलाल नौकरी नही दे सकते तो सीएम की कुर्सी छोड़ दें। आप पार्टी को नौकरी देनी आती है, इसलिए बच्चों को इजरायल मत भेजो। जो लोग नौकरी नहीं दे सकते, उन्हें ही सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दो।



**जींद।** मंच पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को हल देते हुए कार्यकर्ता।

## भाजपा का सबसे बड़ा डर अरविंद केजरीवाल : भगवंत मान

- पंजाब में दो साल में ही आप सरकार ने 42 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली में स्कूल बनवाने पर मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया। वहीं भाजपा को यह भी डर सताता है कि जहां भी केजवरीवाल जाता है तो वहां भाजपा का सुपडा साफ हो जाता है। केजरीवाल को ईडी का नोटिस भेज दो ताकि वो डर जाएं लेकिन भाजपा को कौन समझाए कि वो डरने वाले नही है। उन्होंने कहावत के माध्यम से भाजपा को ललकारा कि हम वो पत्त नही कि जो शाख से टूट कर गिर जाएं, भाजपा की आंधियों को बोल दो औकात में रहें। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को जींद के एकलव्य स्टेडियम में रविवार को आयोजित एक मौका केजरीवाल को बदलाव जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो भी अच्छा काम करते हैं, भाजपा उन लोगों को जेल में डालने का काम करती है। संजय सिंह को जेल में डाल दिया गया लेकिन वो डरने वाले नही है। क्योंकि हम देश को पयार करते हैं और देश की आन-बान और शान के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सीएम भगवंत मान ने पंजाब सरकार के कायार्े को गिनवाते हुए कहा कि पहले जब पंजाब में सरकार आती थी तो घाटा ही घाटा दिखाया जाता था लेकिन लेकिन अब पंजाब में आप की सरकार है तो उल्टी गंगा बहा दी गई है। पहली बार सरकार ने थर्मल प्लांट खरीदा है और कहा है कि इस प्लांट को हम चला कर दिखाएंगे। वो केवल जनता के लिए काम करना चाहते हैं। उनका न तो किसी व्यापार में हिस्सा है, और न ही किसी ट्रांसपोर्ट में। वो हिस्सा डालते हैं तो जनता के दुखों में हिस्सा डालते हैं। हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। हमारे अग्नीवीर, हमारे युवा देश की रक्षा कर रहे हैं लेकिन भाजपा को क्या पता देशभक्ति क्या होती है।

## ईगराह मनरेगा महिला श्रमिक को सरकार दे आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मनरेगा मेट मजदूर समिति के पदाधिकारी जींद जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे और समिति द्वारा कुछ पीड़ित परिवार को अपनी और से आर्थिक सहायता की गई। इस मौके पर समिति प्रवक्ता कृष्ण माजरा ने कहा कि ईगराह में मनरेगा मजदूरों पर काम के दौरान जो मिट्टी का तोंदा गिरने से महिलाओं को चोट आई हैं। जिसमें कुछ महिलाओं को 'यादा चोट आई है। माजरा ने कहा कि हम समिति की और से सरकार व प्रशासन से मांग करते हैं कि कम से कम पीड़ित परिवार को पांच लाख मुआवजा राशि दी जानी चाहिए ताकि जिससे पीड़ित परिवार का घर का चोला चुका चलता रहे। इस मौके पर समिति अध्यक्ष समुंद्र सिंह दनोदा ने कहा कि मनरेगा मेट मजदूरों मांगों को लेकर पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं। साथ की इस प्रकार की घटनाएं हर दिन देखने को मिलती है। पर सरकार का कोई ध्यान मनरेगा मेट मजदूरों की ओर नही है। इस मौके पर जींद उपप्रधान सूरजमल सिंह, सुरेंद सिंह, रामभज सिंह, प्यारेलाल, कृष्ण ठाकुर, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, रिषि आदि मौजूद रहे।

# गाय बचाओ, देश बचाओ महापंचायत 31 को

- गोभक्तों का आमरण अनशन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** लघु सचिवालय में धरने पर बैठे गौभक्त। फोटो :हरिभूमि

किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गौ भगत सुमित लाठर रविवार को आमरण अनशन पर बैठे। सुमित लाठर ने कहा कि लघु सचिवालय में गोभक्तों का धरना चला हुआ है। इसमें जगदानंद महाराज का आमरण अनशन का आज आठवां दिन है और प्रशासन और सरकार कोई भी सुध नहीं ले रहा है, जिसको लेकर छात्र संगठन के अध्यक्ष गौ भगत सुमित लाठर ने हवन में आहुति डाल कर स्वयं भी आमरण अनशन पर बैठे। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई फसल व नस्ल से भी बड़ी लड़ाई है। क्योंकि गाय बचेगी तो जो भूमि आज बंजर हो रही है, वह बचेगी और जिस प्रकार से लोग रोग ग्रस्त हो रहे हैं, केवल गौमाता ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जिसके माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। इसलिए अब यह लड़ाई जींद की न रहकर पूरे हरियाणा प्रदेश की बन चुकी है। अब 31 जनवरी को गाय बचाओ देश बचाओ महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूरे हरियाणा प्रदेश व भारतवर्ष में किस प्रकार गाय को सुरक्षित हो और स्वावलंबी गौशालाओं का निर्माण करना होगा। अमेरिकन सांडों द्वारा जो अत्याचार सनातन धर्म की आस्थाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है, वह अब बर्दाश्त नहीं होगा। शासन और प्रशासन या तो 31 तारीख से पहले इन गौशालाओं की व्यवस्था सुधार ले, गाय को गोचर भूमि सौंप दे, नहीं तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर संदीप योगी, डा. महेंद्र हंस, आकाश, इशु, राहुल आदि मौजूद रहे।

### गांव बराड़ खेड़ा में इनेलो नेत्री सुनैना का स्वागत

**जुलाना।** गांव बराड़ खेड़ा में इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला पहुंची। ग्रामीणों ने सुनैना का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए इनेलो महिला प्रदेश महासचिव सुनैना ने कहा कि आज प्रदेश के हर वर्ग को सड़कों पर उतर कर संघर्ष करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार किसान हितैषी होने का ढोंग कर रही है किसानों की फसलों को औने पौने दामों में खरीदा जा रहा है। भाजपा सरकार में किसानों की आय दौगुना होने के वादे किए गए थे लेकिन किसान की आय दोगुनी तो नही हुई किसान कर्ज के नीचे दब रहा है। किसान की सरकार कोई सुध नही ले रही है। चुनावों में प्रदेश की जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी।

## मानसरोवर मुक्ति का महासंकल्प लिया

- भारत-तिब्बत समन्वय संघ की बहन-भाई मिलाप बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा रविवार को उत्तर क्षेत्रीय महामंत्री अमृता सैनी के नेतृत्व में तिब्बती मार्केट में जाकर तिब्बती भाई-बहन मिलाप बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लगभग 30 तिब्बती भाई-बहनों ने भागीदारी की। इस बैठक में डा. सुधा मल्होत्रा, सांस्कृतिक व नृत्य निदेशक आकाश, देव सुमन, तिब्बती भाई बहनों में तेन्जील इगा, कैल्सन डोल्मा, छिम्मी लाओ डोल्माए जाग्यो इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कैलाश मानसरोवर मुक्ति महासंकल्प के साथ बैठक की समाप्ति की गई। बैठक में तिब्बत की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर तिब्बती रिफ्यूजी संघ के अध्यक्ष छेमिबल श्रिंग ने बताया कि 1949 में उन्होंने भारत में आकर शरण ली थी लेकिन भारत की सरकार ने कभी भी उनको शरणार्थी नहीं माना बल्कि उनके धर्म व शिक्षा के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का अधिकार भी दियाद्ध जबकि वे चीन की सरकार से ऐसी कोई उम्मीद नहीं कर सकते। चीन की सरकार उनके धर्म, संस्कृति व परंपराओं को खत्म कर देना चाहती है। अमृता सैनी ने भारत-तिब्बत संघ के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए देश के विभिन्न कोने में होने वाली बैठकों एवं पारित प्रस्तावों पर प्रकाश डाला।

### अनुशासन जीवन का जरूरी अंग : लब्धि प्रभा

**उचाना।** साध्वी लब्धि प्रभा ठाणे-3 ने कहा कि जिस तरह बिना घिसाई, सफाई के महल में चमक नहीं आती उसी तरह बिना अनुशासन के जीवन में भी कभी चमक नहीं आती। अनुशासन सहन करना बर्दाश्त करना बड़ा कठिन है पर जो सहन कर लेता है उनका जीवन भी मंज जाता है।

एक पत्थर हथौड़ी व छैणी की मार सहन करके ही भगवान की मूर्ति का रूप धारण कर लेता है। अनुशासन सहन करके ही हमारा जीवन चमकता, दमकता है।

अनुशासन का शाब्दिक अर्थ है कि शरीर, इंद्रिया, वाणी एवं मन पर अकरणीय कार्य न होने देना ही अनुशासन है। एक मिट्टी का पुलिंदा भी सहन करके ही घड़े का रूप धारण करता है। अनुशासन भी जीवन का जरूरी अंग है।

# बेटी के जन्म पर कुआं पूजन किया तो देंगे 2100 रुपये शगुन : आर्य

- घोघड़िया के संदीप आर्य ने शुरू की 'बेटी नहीं बेटे से कम' मुहिम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



- बेटियों को बेटे की तरह शिक्षा के लिए प्रेरित करें

घोघड़िया गांव में बेटी के जन्म पर अगर कुआं पूजन परिवार करता है तो उस परिवार को 2100 रुपए शगुन राशि के रूप में दिए जाएंगे ताकि बेटी के जन्म पर बेटे के जन्म की तरह कुआं पूजन हो। घोघड़िया गांव के समाज वी संदीप आर्य घोघड़िया ने कहा कि घोघड़िया गांव से बेटी नहीं बेटे से कम मुहिम की शुरूआत की है। गांव में बेटी के जन्म पर भी बेटे के जन्म की तरह अभिभावक कुआं पूजन करें। बेटी है तो समाज में रिश्ते, नाते है। बेटी आज बेटों से कम नहीं है। ये मुहिम जल्द आने वाले दिनों में पूरे हलके में चलाई जाएगी। आर्य ने बताया कि गांव के राजकीय कन्या स्कूल में 10वीं कक्षा में जो पहले तीन स्थान पर छात्राएं रहेंगी उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में 3100, 2100 एवं 1100 रुपये की राशि दी जाएगी। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को बेटे की तरह शिक्षा के प्रेरित करें।

आज बेटी किसी क्षेत्र में बेटे से कम नहीं है। बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिले इसके लिए बेटी गौरव पुरस्कार से बेटियों को हरियाणा शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में स्कूल में टॉप तीन स्थान पर रहने पर नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। गांव की बेटी अगर पूरे हरियाणा में 10वीं, 12वीं में पहला स्थान प्राप्त करती है तो उसे 11 हजार रुपये की राशि एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से सर्वजातिय बिनैन खाप के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**जींद।** भूपेन्द्र सिहं हुड्डा से मुलाकात करता बिनैन खाप प्रतिनिधिमण्डल।

बीते शनिवार को सर्वजातिय बिनैन खाप प्रतिनिधि मण्डल चौधरी रघुवीर नैन दनौदा की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिहं हुड्डा से दिल्ली में उनके आवास स्थान पहुंचे। इस दौरान सर्वजातिय बिनैन खाप प्रतिनिधि मण्डल ने सिरसा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार बारे विचार-विमर्श किया व भूपेन्द्र सिहं हुडडा से सोहार्दपूर्ण मुलाकात की। वहीं इसकों लेकर देवराज वाल्मिकी कन्हडी के प्रयास जारी है मुलाकात के दौरान चौधरी फकीरचंद नैन प्रधान कालवन तपा, मास्टर रघुवीर सिहं नैन कन्हडी प्रवक्ता बिनैन खाप, चांदी, रत्न सिहं जैलदार, बहादूर, सतबीर, जगदीश, अजीत बहादूर, बलदेव, मंदीप दनौदा, दीपक नैन, महिन्द्र सुबेदार, महाबीर, ज्ञानीराम, बजराज, महेद्र आदि मौजूद रहे।

**स्वागत** | उचाना ब्लॉक के गांवों में जारी विकास कार्यों को लेकर बीडीपीओ ने ली बैठक

# गांव में बड़े प्रोजेक्ट के लिए काम करें सरपंच : नैन

- बीडीपीओ कार्यालय में आई हर फाइल बिना रुकावट के आगे जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



**जींद।** बीडीपीओ शमशेर नैन का स्वागत करते हुए सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि।

उचाना ब्लॉक के गांवों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर उपमंडल कार्यालय में मीटिंग हुई। बीडीपीओ शमशेर नैन ने मीटिंग की अध्यक्षता की। सरपंचों द्वारा बीते दिनों बीडीपीओ के रिक्त पद पर चार्ज संभालने पर बीडीपीओ का स्वागत किया।

ब्लॉक समिति चेयरमैन दिनेश सुदकैन भी मीटिंग में उपस्थित रहे। नैन ने कहा कि सरपंचों को चाहिए कि वो अपने कार्यालय में कोई भी एक ऐसा प्रोजेक्ट के तहत काम करें जिससे कई सालों तक गांव के लोग याद रखे। गांव के विकास को लेकर जो भी फाइल बीडीपीओ कार्यालय में आएगी वो बिना किसी रूकावट के तुरंत प्रभाव से आगे जाएगी। विकास को लेकर कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी।

गांव के सामूहिक कामों को प्राथमिक के आधार पर सरपंच करवाने का काम करें। बीडीपीओ ने कहा कि वोट की राजनीति से ऊपर उठ कर गांवों में विकास कार्य सरपंच करें। सरपंच पूरे गांव का होता है इसलिए गांव में बिना किसी भेदभाव के काम करवाए ताकि विकास के मामले में गांव आगे निकले।

जो गांव उचाना ब्लॉक में महाग्राम योजना में है उन गांवों में भी तेजी से काम करवाया जाएगा। सब मिलकर उचाना ब्लॉक को विकास के मामले में नंबर वन पर पूरे प्रदेश में लेकर जाएंगे। इस मौके पर एबीपीओ बलिंद्र सिंह, ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन संजय मोर छातर मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## मकान से जेवरात और नकदी चोरी

**कैथल ।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। अमरगढ़ गामडी के मनोहर लाल ने शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 26 जनवरी को उसके मकान में घुसकर वहां पर रखा सोना व चांदी तथा करीब 50000 की नकदी चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कुल कीमत 300000 बताई गई है।

## गांव खरका में मारपीट में एक घायल

**कैथल ।** जिले के गांव खरका में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव खरका के प्रवीण ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 जनवरी को जब वह गांव से गुजर रहा था तो सागर राज डॉक्टर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पर लात गुस्से और पत्थरों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

## युवती व महिला लापता मामला दर्ज

**कैथल ।** पुंडरी के एक कॉलेज से एक युवती के फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पिहोवा के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है 27 जनवरी को उसकी बेटी पूंडरी के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी। आरोप है इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

## महर्षि दयानंद की जयंती पर होगा महायज्ञ

**कैथल ।** 2 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल कालोनी पानीपत में 5100 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा और आज तक के इतिहास में हरियाणा में सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा हरियाणा तथा आर्य युवा समाज के तत्वधान में किया जाएगा ।

## रिटायर कर्मचारी संघ की मासिक बैठक आयोजित

**सीवन।** रिटायर कर्मचारी संघ खंड सीवन के सदस्यों की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को राजकीय माडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान नंदलाल रहजा ने की। बैठक में उन्होंने रिटायर कर्मचारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा देने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि रिटायर कर्मचारियों को भी कैशलेस मेडिकल सुविधा मिलनी चाहिए।

## भाजपा कार्यकर्ता के साथ देखा मन की बात कार्यक्रम

**सीवन।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लोगों के साथ मन की बात की। मन की बात का 109वां एपिसोड सीवन में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मास्टर संजय सैनी नंबरदार ने अपने कार्यालय में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ देखा। इस अवसर पर संजय सैनी व पूर्व सरपंच सतीश मुंजाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विश्व पटल पर सर्वोच्च स्थान पर ला दिया है।

### सरकारी स्कूल की बेशकीमती जमीन पर भूमाफिया की नजर

# वीटा का बूथ रखने की आड़ में स्कूल की दीवार तोड़कर बनाया मेन रोड पर रास्ता

### जानकारी मिलते ही स्कूल प्रिंसिपल ने काम रुकवा दीवार का निर्माण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका के सरकारी स्कूल की बेशकीमती जमीन पर आजकल भूमाफिया की नजर टिकी हुई, जिसके चलते समय समय पर ऐसे भूमाफिया स्कूल की जमीन को हथियाने का प्रयास करते रहते हैं। ताजा मामले में स्कूली बच्चों के लिए वीटा दूध का बूथ रखने की आड़ में एक बार फिर से स्कूल की चीका कैथल रोड़ की दीवार को तोडकर वहां रास्ता बना लिया है।

भविष्य में इसी रास्ते से बीटा दूध बूथ की आड़ में आमजन के लिए दुकान चलेगी। जानकारी के अनुसार विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिख आदेश दिए थे कि स्कूलों में बच्चों के लिए वीटा दूध के बूथ खोले जाने है इसके लिए स्कूलों में दस गुणा दस का स्थान उपलब्ध करवाया जाए। इन बूथों का संचालन हरियाणा डेयरी विकास संघ द्वारा किया जाना है। स्कूल में बनने वाले ये बूथ सिर्फ स्कूली बच्चों के लिए ही मंजूर किए गए



**गुहला-चीका।** सरकारी स्कूल की दीवार तोड़कर बीता बूथ बनाने के लिए खोखा रखते हुए

है और इनका मुंह स्कूल के अंदर ही होना है लेकिन चीका स्कूल में बन रहे उक्त बूथ को बनाया तो स्कूल के अंदर जा रहा है लेकिन इसका एक रास्ता चीका कैथल मुख्य मार्ग पर बनाए जाने की बात कही जा रही जोकि नियमों के खिलाफ है। चीका वासी जगजीत सिंह, कृष्ण कुमार, प्रवीन कुमार व विरेंद्र कुमार ने कहा कि कुछ लोग बूथ रखने के आड़ में स्कूल की बेशकीमती जमीन को हड़पाना चाहते है। इन लोगों ने बताया कि चीका के दोनों सरकारी स्कूल शहर के बीचों बीच बने हुए है और इन स्कूलों के पास अरबों रुपए की जमीन है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा पूर्व में भी इस जमीन को कब्जाने का प्रयास किया था लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के चलते वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए थे। लोगों ने कहा कि अब एकबार फिर से कुछ लोग उक्त जमीन को हड़पाने का प्रयास कर रहे है जिस पर सरकार व प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर इसे रोकना चाहिए।

### तोड़ी गई दीवार बनवाई

स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल अशोक कुमार ने कहा कि यदि बूथ रखने के गलती से जो दीवार तोड़ी गई थी उसे दोबारा से बनवा दिया गया है। विभाग को पत्र लिख बूथ की पूरी ड्राइंग व नक्शा मंगवाया गया है। स्कूल प्रांगण में बूथ नियमों के अनुसार ही रखवाया जाएगा। स्कूल की एक इंच भूमि पर भी किसी को कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।

### बूथ स्कूली बच्चों के लिए

शिक्षा विभाग के डीईओ रविंद्र चौधरी ने कहा कि वीटा के बूथ स्कूली बच्चों के लिए है और इन्हें स्कूल की चारदीवारी के अंदर रखा जाना है। स्कूल की दीवार तोडकर बूथ का रास्ता सडक पर निकालने का कोई प्रावधान नहीं है। यदि ऐसा किया जा रहा है तो वह नियमों के खिलाफ है।

### स्कूल की जमीन पर कब्जा हुआ तो लेंगे अदालत का सहारा

सामाजिक कार्यकर्ता जगजीत सिंह ने कहा कि वीटा बूथ रखने की आड़ में स्कूल की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का जो प्रयास किया जा रहा है उसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने स्कूल की दीवार तोडकर कर उक्त बूथ रखने का प्रयास किया है यदि स्कूल प्रशासन उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाही नहीं करवाता तो वे स्वयं इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाएंगे। यदि इन लोगों को स्कूल की जमीन से खदेड़ने के लिए अदालत भी जाना पड़ा तो जरूर जाएंगे।

### ये बोले डेयरी विभाग के असिस्टेंट एरिया मैनेजर

डेयरी विभाग के असिस्टेंट एरिया मैनेजर देवेंद्र त्यागी ने कहा कि उक्त प्रपोजल प्रदेश सरकार द्वारा लाया गया है और हरियाणा के सभी स्कूल में इस तरह के बूथ बनाए जा रहे हैं। इन बूथों का मैन दरवाजा स्कूल के अंदर होगा व एक खिडकी सडक की ओर खुलेगी। जब उनसे सडक की तरफ खुलने वाली खिडकी के संबंध में लिखित परमीशन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लिखित में ऐसा कुछ नहीं है परंतु जो भी बूथ बनाए जा रहे है सभी में यह प्रावधान रखा गया है।

## लाला लाजपत राय की जयंती पर किया नमन



**कैथल।** लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा नेता सुरेश गर्ग ने आज मॉडल टाउन स्थित पार्क में पंजाब केसरी के नाम से प्रसिद्ध अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । सुरेश गर्ग ने लाला लाजपत राय के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि लाला जी ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की।

ब्रिटिश हुकूमत का विरोध करते हुए उन्होंने अपने जान न्यौछावर कर दिए। लाला जी ने कहा था ह्यमेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगीह्न। सुरेश गर्ग नोच ने कहा कि लाला जी की कही बात सच साबित हुई और उनकी शहादत ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। ऐसे वीर अमर बलिदानी लाला जी के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।लाला लाजपत राय बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा से धनी थे। एक ही जीवन में उन्होंने विचारक, बैंकर, लेखक और स्वतंत्रता सेनानी की भूमिकाओं को बखूबी निभाया था। पिता के तबादले के साथ हिसार पहुंचे लाला लाजपत राय ने शुरूआत के दिनों में वकालत की, स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ जुड़कर उन्होंने पंजाब में आर्य समाज को स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाई। लाला जी एक बुद्धिमान बैंकर भी थे। आज देश भर में जिस पंजाब नेशनल बैंक की तमाम शाखाएं हमें दिखती हैं उसकी स्थापना लाला लाजपत राय के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। आज उनकी जयंती के मौके पर उनको याद करते हैं।

# आयुष्मान कार्ड न होता तो गरीब मरीज का अब तक पड़ जाता भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

▪ आयुष्मान ने बचाई गरीब की जिंदगी

केन्द्र की मोदी सरकार ने जबसे आयुष्मान कार्ड बनाए हैं, तब से ये कार्ड गरीब लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इसी सम्बन्ध में पटियाला में आयुष्मान कार्ड पर इलाज करवा रहे एक व्यक्ति के परिजनों ने बताया कि यदि उसका आयुष्मान कार्ड ना बनता तो उसका अब तक भोग पड़ लिया होता। उन्होंने बताया कि वे बेहद गरीब परिवार से सम्बन्ध रखते हैं और पिछले दिनों उनके परिवार का एक सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गया था और उनके पास इलाज करवाने के लिए फूटी कौड़ी तक नहीं थी। उन्होंने बताया कि उनके पास इलाज करवाने के लिए पैसे तो थे ही नहीं अलबत्ता सरकार द्वारा बनाया जाने वाला आयुष्मान कार्ड भी नहीं बना हुआ था, जिसके चलते उसका इलाज नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने उसे जैसे-तैसे पटियाला स्थित एक अस्पताल में दाखिल तो करवा दिया ताकि उसकी जान बचाई जा सके परंतु जब उन्होंने उनके मरीज को दाखिल करवाने के बाद गुहला स्थित सरकारी अस्पताल में जाकर आयुष्मान कार्ड बारे पता किया तो सौभाग्यवश पता चला कि उसका नाम आयुष्मान कार्ड की लिस्ट में तो था परंतु अभी तक कार्ड नहीं बन पाया था। परिजनों ने बताया कि जब उन्होंने आयुष्मान कार्ड बारे अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों से सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि बीमार व्यक्ति का कार्ड तो बन जाएगा परंतु समस्या यह है कि उसके फिंगर पिंट लेने पड़ेंगे।

उन्होंने बताया कि उसके बाद डाक्टरों ने मानवता का परिचय देते हुए अस्पताल के एक कर्मचारी अजय भार्गव को बीमार व्यक्ति के फिंगर प्रिंट लेने के लिए तुरंत पटियाला अस्पताल भेजा ताकि उसके फिंगर प्रिंट लेकर उसका आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके बाद अस्पताल का कर्मचारी पोर्टेबल फिंगर मशीन के साथ पटियाला पहुंचा और बीमार व्यक्ति के फिंगर प्रिंट लेकर तुरंत उसका आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें सौंप दिया।

### क्या कहना है एसएमओ का

गुहला अस्पताल के एस.एम.ओ. डाक्टर संजीव गोयल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आयुष्मान कार्ड के लिए जैसे ही बीमार व्यक्ति के परिजनों ने अस्पताल में सम्पर्क किया तो देखा गया कि उक्त व्यक्ति का लिस्ट में तो नाम था परंतु उसने अपना कार्ड नहीं बनवाया था, जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एक कर्मचारी तुरंत पटियाला अस्पताल में गया और बीमार व्यक्ति के फिंगर प्रिंट लेकर तुरंत उसका आयुष्मान कार्ड बनाकर दे दिया गया ताकि वह सरकारी खर्चे पर अपना उचित इलाज करवा सके।




**राजौंद।** धरने का समर्थन करते हुए रामपाल माजरा।

## रामपाल माजरा ने दिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के धरने को समर्थन

**राजौंद।** नगर के असंध रोड पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जगह कॉलेज बनाने की मांग को लेकर चल रहे धरने के तीसरे दिन पूर्व संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने समर्थन किया। उन्होंने धरने का समर्थन करते हुए कहा कि लोगों की मांग जायज है। वह लोगों की मांग का समर्थन करते है। उन्होंने कहा की 15 से 20 गांवों की लड़कियों को यहां शिक्षा ग्रहण करने में बहुत आसानी रहेगी। जबकि जहां अब कॉलेज की जगह चुनी गई है वह लड़कियों के लिए सही स्थान नहीं है। उन्होंने कहा एक तो यहां बस स्टैंड नजदीक है और मेन रोड पर है। जबकि जहां कालेज बनाया जा रहा है वहां जगह लड़कियों के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि 15 20 गांवों के लोगों की मांग है की लड़कियों कालेज यही बनना चाहिए। सरकार को इन 15 20 गांव के लोगों की मांग को मानते हुए कॉलेज यही बनाना चाहिए ताकि लोगों को नुकसान न हो। इस बारे में किसान यूनियन के जिला प्रधान महावीर चहल ने भी कहा कि वह लोगों की मांग का समर्थन करते हैं और यहां जब तक कॉलेज की जगह नहीं चुनी जाती वह धरने में पूरा समर्थन करते रहेंगे। इस दौरान काका राणा, रोहित शर्मा, जयपाल राणा, बिंदा शर्मा, प्रमोद, महिपाल, डॉक्टर तेजपाल, प्रवेश, यशपाल फौजी, सुरेंद्र व सभी मौजूद रहे।

## वार्ड तीन से छह व संजय बस्ती में लोगों को किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निदेशारें पर पुलिस ने रविवार को जागरूकता टीम ने चीका के वार्ड तीन से छह और संजय बस्ती में आमजन को जागरूक किया। इस दौरान टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम ने नशे के खिलाफ जागरूक किया। इस मौके पर डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने जानकारी दी कि नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है नशा लाखों परिवार बर्बाद कर चुका है। नशा शरीर व घर दोनों का नाश कर देता है। नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस बेहतर कदम उठा रही है। आमजन बिना किसी डर भय के नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दे।



**राजौंद।** वार्ड नंबर 8 के लोगों ने गली को लेकर रोष प्रकट करते हुए।

## कच्ची गली को लेकर लोगों ने रोष जताया

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर आठ में गली में पानी की समस्या व कच्ची गली को लेकर लोगों ने रोष प्रकट किया। लोगों ने कहा कि पिछले लंबे समय से गली आधी कच्ची पड़ी है और न ही पानी की निकासी है सर्दी के इस मौसम में तो बड़ी मुसीबत बनी हुई है। अगर थोड़ी सी भी बरसात हो जाए तो इसका पानी उनके घरों में घुस जाता है जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है उन्होंने कहा कि आज भी बादल छाए हुए हैं अगर थोड़ी सी बरसात होती है तो सर्दी किस मौसम में यह गली उनके लिए गंभीर समस्या खड़ी कर सकती है बार.बार प्रशासन को इन लोगों ने गली के निर्माण को लेकर मांग की लेकिन इनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही। इस बारे योगेश, बिट्टू , गुरचरण, सागर, सुबा, रवि, बलवीर, करण, राजेश, राजेंद्र, महावीर, महेंद्र, मेदा, प्रकाश, सुबे सिंह चौकीदार ने बताया कि यह गली दोनों साइडों से पक्की बना दी गई है।

## भाजपा के लिए समाज हित सबसे ऊपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा देश हित व समाज हित में कार्य किया है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राष्ट्रहित सवार्ेपरि है। यह विचार भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष हजवाना ने पूंडरी शहर के बूथ नंबर 106 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को टी.वी. पर लाइव देखने के पश्चात व्यक्त किए। मास्टर बलवंत गोलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजवाना ने कहा कि, यह देश की जनता का सौभाग्य है ऐसे कर्म योगी, तपस्वी, कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज हर क्षेत्र में बुलंदियों पर है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार, देश व प्रदेश में सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास सबका प्रयास के विचार से कार्य कर रही है। मोदी की आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है चंद्रयान-3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग, कोरोना महामारी पर नियंत्रण, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक, जी-20 सम्मेलन, व रूस यूक्रेन युद्ध से 20 हजार भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लेकर आना जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य हैं।



**पुडंरी।** मन की बात कार्यक्रम देखने के पश्चात बच्चों व ग्रामीणों के साथ भाजपा नेता सुभाष हजवाना।

## कच्चे कर्मियों को पक्का व पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मयोगी बने सरकार: शिवचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण, जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा, राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह, जिला प्रैस प्रवक्ता सुरेश उचाना, वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, कैशियर रामकुमार, उपप्रधान छज्जू राम व सावित्री देवी, सहसचिव सीनू बेनीवाल व विजय शर्मा, संगठन सचिव जसबीर सिंह व ऑडिटर जयप्रकाश टीक ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे हरियाणा कर्मयोगी मिशन के तहत गत दिसंबर माह से प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक भयंकर सर्दी में ट्रेनिंग दी जा रही है। पर जनवरी से ट्रेनिंग में शामिल विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पूरे दिन न केवल भूखा-प्यासा रखा जा रहा है बल्कि उन्हें चाय तक की सुविधा नहीं दी जा रही है।

जिसकी सर्व कर्मचारी संघ की जिला कमेटी कड़े शब्दों में निन्दा करती है और मांग करती है कि ट्रेनिंग के दौरान जलपान एवं लंच की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कच्चे कर्मचारियों को पक्का और पुरानी पेंशन बहाल कर हरियाणा सरकार कर्मचारियों को नसीयत देने से पहले खुद कर्मयोगी बने।

## घर के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइनों का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

स्थानीय बस स्टेंड के पास राधा स्वामी कालोनी के मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 केवी की दो लाइनों से मकान मालिक में दहशत का माहौल है। आलम यह है कि पोल गिरने से एक मकान को भारी नुकसान भी हो चुका है। मकान मालिक ने तो छत पर दीवार निकाल दी ताकि दूसरी साइड से गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में न आ जाए। इस बारे कालोनी निवासी यशपाल भारद्वाज, चांदराम, कश्मीर सिंह, नसीब, रमेश कुमार, राजविंद्र, रमेश, यशपाल भट्ट ने बताया कि वह इस लाइन को हटाने के लिए शासन व प्रशासन को बार बार गुहार लगा चुके है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। यशपाल ने बताया कि उसके मकान के कार्नर पर पोल गिरने से उसके लेंटर में भी दरारें आ गई है। लेकिन लिखित में शिकायत देने के बावजूद भी उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नही दे रहा। उन्होंने बताया कि जब बरसात होती है तो पूरे मकान में करंट आने का भय बना रहता है। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्या की ओर ध्यान दिया जाए ताकि किसी अप्रिय या अनहोनी घटना से बचा जा सके।



**राजौंद।** मकान से गुजरती हुई बिजली की लाइन।

## कामगार महिला को मिलेगी सहायता राशि : प्रशांत पंवार

**कैथल।** प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मातृत्व योजना के नियमों में बदलाव करते हुए कामगार महिलाओ को सुविधा प्रदान करने का अहम कदम उठाया है। कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मातृत्व योजना के तहत 5 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी।

यह जानकारी देते हुए डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था के दौरान हुए मजदूरी के नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मातृत्व योजना योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि दूसरे बच्चे के रूप में लड़के को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी।

### भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुनीष कठवाड़ ने सुनी मन की बात

# मन की बात कार्यक्रम से युवा वर्ग ले प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुनीष कठवाड़ ने रविन्द्र राणा के हुड्डा सेक्टर 20 मार्किट स्थित प्रतिष्ठान पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना और कहा कि देश के प्रधानमंत्री लगातार देश के हर वर्ग से सीधा संवाद कर हर वर्ग को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हर वर्ग प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा है और वह बड़े ही सहजता और सरलता के साथ विभिन्न उदाहरण के माध्यम से अपनी बात देश के सामने रखते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि इस बार 26 जनवरी की परेड तो कमाल की थी ही, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा परेड में नारी शक्ति को देखने की रही। जब केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कर्तव्य पथ पर मार्च करना शुरू किया तो हर कोई गर्व से भर गया। मुनीष ने कहा कि अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा ने लोगों को एक सूत्र में बांधा और 2024 की पहली 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, /"अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम। देश के अनेक लोगों ने इस दौरान राम भजन गाकर उन्हें श्रीराम के चरणों में समर्पित किया।



**कैथल।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुनीष कठवाड़ कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुनते हुए।

### ये रहे मौजूद

22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने राम ज्योति जलाई और सभी ने धूमधाम से दीपावली मनाई। मुनीष ने कहा कि मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, /"हमारे बीच ही कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो जीवन के अंत के बाद भी समाज जीवन के प्रति अपने दायित्वों को निभाते हैं और इसके लिए उनका माध्यम अंगदान होता है। इस दौरान रविंद्र राणा, पवन गोयल ,अमन राणा,वीरेंद्र सलूजा, सुमित कुमार, दिलीप कुमार समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कुमाऊं सभा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** कुमाऊं सभा जींद ने मरणोपरांत पितरों के पूजा, पाठ एवं कर्मकांड के लिए घाट बनवाने की मांग को लेकर विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। सभा के सचिव गोविंद बिष्ट ने बताया कि जींद में उत्तराखंड के सैंकड़ों परिवार पिछले तीन-चार पीढियों से जींद के स्थाई निवासी के तौर पर रहते हैं और जींद मे इनके द्वारा चलाई जा रही समाजसेवी संस्था कुमाऊं सभा लगातार समाजहित के कार्य समय पर करती रहती है।

### जींद में दो लाख रुपये लेकर पहुंचे नवीन जयहिंद

**जींद।** एकलव्य स्टेडियम में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रैली से पहले ही रविवार सुबह युवा नेता नवीन जयहिंद दो लाख रुपये लेकर पहुंचे। पूरा दिन नवीन जयहिंद तथा पुलिस के बीच नूरा कुश्ती का खेल चलता रहा। नवीन जयहिंद विरोध करने के लिए रैली स्थल पर जाने लगे तो उन्हें पुराना बस अड्डा के निकट पुलिस द्वारा रोक लिया गया।

### डीएससी समाज ने किया बैठक का आयोजन

**नरवाना।** रविवार डीएससी समाज की एक अहम बैठक कस्बे के हरियल रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता संजय कालवन ने की और इस बैठक में अमृतसर के वाल्मिकी आश्रम से आए धर्मगुरू रिषीपाल आदिवासी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में डीएससी समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक सहित युवक को काबू किया

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने चोरी की बाइक सहित एक युवक को नया बस अड्डा सफीदों से काबू किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि बाइक चोर ने इसके अलावा दो और बाइक भी चोरी की थी। पुलिस टीम नहर पुल सफीदों पर गश्त कर रही थी। तभी नया बस अड्डा सफीदो मास्टर लाइब्रेरी से गत 22 जनवरी को एक मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक युवक गांव बागडू कलां से लाभ सिंह होटल सफीदों की तरफ जाने की सूचना मिली थी। पुलिस नेयुवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया।

### ग्राम सभा में विकास के मुद्दों पर की चर्चा

**पूंडरी।** ग्राम पंचायत फतेहपुर की ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पंचों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभा की अध्यक्षता सरपंच सोहनलाल वर्मा ने की। बैठक में ग्राम सचिव नरेश कुमार भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान गांव को विकसित करने के लिए अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। सरपंच सोहनलाल ने कहा कि गांव को विकसित करवाना उनका लक्ष्य है जिसके लिए वे शासन और प्रशासन के सहयोग से लगे हुए हैं।

### कांग्रेस की सरकार आने पर शैलजा बनेंगी सीएम

**पूंडरी।** पूंडरी हलके के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कुमारी शैलजा के बेहद करीबी बलकार सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर कुमारी शैलजा बनेगी मुख्यमंत्री। आज अपने प्रतिष्ठान पर कार्यकर्त्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए बलकार ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा 4 फरवरी को ढांड में पहुंच रही है, जिसको लेकर हलके के कार्यकर्त्ताओं में भारी उत्साह है।

### किसानों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी : राजीव

**पूंडरी।** किसान आंदोलन दिल्ली में छोटी उम्र में शहीद होने वाले किसान अजय ढुल पाई व कलीराम का शहीदी दिवस मनाया। भारतीय किसान यूनियन व संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में गांव पाई में आयोजित कार्यक्त्रम में सभी किसान नेताओं सहित किसानों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें। कार्यक्त्रम में मुख्य रूप से यूनियन के राष्ट्रीय सलाहकार स. अजीत सिंह हाबड़ी, यू वा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य, प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा, बलवान पाई प्रचार मंत्री, करतारा पाई, जोगिंद्र नैन, प्रदेश अध्यक्ष सेवा सिंह आर्य, कार्यकारिणी सदस्य पंडित सुरेश बंदराणा ने भाग लिया।

### 26 जनवरी की परेड व कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति भावुक करने वाली, महिलाएं बढ़ रहीं आगे

# राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए काम कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : कैप्टन अभिमन्यु




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कैप्टन अभिमन्यु व अन्य पदाधिकारी, गांव में पहुंचने पर कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



हिसार। कैप्टन अभिमन्यु को स्मृति चिन्ह प्रदान करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

किसान, मजदूर, दलित बेरोजगार युवा सहित हर वर्ग के कल्याण की दिशा में प्रधानमंत्री प्रयासरत

भाजपा नेता ने स्याहड़वा गांव में किया विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

#### देश पिछड़ा नहीं रहना चाहिए

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। जब इन बच्चों के हाथ में कल को बागडोर आए तो हमारा देश पिछड़ा नहीं होना चाहिए, देश में भूखमरी व किसी चीज का अभाव नहीं होना चाहिए। इसी दिशा में प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि वह दिन दूर नहीं जब देश में राम राज्य होगा। पूर्व की यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आए दिन घोटाले होते थे, लेकिन आज 10 वर्षों में एक भी घोटाला नहीं हुआ, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का कमाल है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में केवल अपनी व अपने बेटों की भलाई के लिए काम होता था, आम जनता का कोई ध्यान नहीं था। देश का किसान व मजदूर गरीब होता चला गया लेकिन यूपीए व कांग्रेस ने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना सहयोग दें और देश के विकास की रफ्तार को बनाए रखें।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग, जिला महामंत्री धर्मबीर रतेरिया, जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि समुन्द्र बूरा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सुरेन्द्र मंडा, रविन्द्र रॉकी, हंसराज बिश्नोई, श्रीराम सरपंच रावतखेड़ा, दर्जनों गांवों के सरपंच, स्याहड़वा गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेश, बीडीसी मैंबर सोमबीर, ईश्वर पायल व प्रदीप गावड़ के अलावा शहीद नमन खेल समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने कैप्टन अभिमन्यु को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता के समक्ष संकल्प रखा है कि देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके तहत जब देश की आजादी के 100 साल पूरे हों, तो वर्ष 2047 में हमारा देश विकासशील देशों की श्रेणी से निकलकर विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में होना चाहिए। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संकल्प में साथ दें और इसे पूरा करने में अपना योगदान दें ताकि देश में राम राज्य की कल्पना को साकार किया जा सके। कैप्टन अभिमन्यु रविवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव स्याहड़वा में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ग्राम पंचायत, ग्रामीणों एवं शहीद नमन खेल खेल समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। उनके संकल्पों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत, राम राज्य की अवधारण, महिलाओं को बराबर की भागीदारी, किसान, मजदूर, दलित, बेरोजगार युवा सहित हर वर्ग के कल्याण की दिशा में प्रधानमंत्री प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी की परेड को उन्होंने खुद देखा है, इसमें महिलाओं ने कार्यक्रमों के माध्यम से व उपस्थिति के माध्यम से जो भागीदारी दिखाई, उससे साबित हो गया है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। निश्चय ही महिलाओं की उपस्थिति भावुक करने वाली थी, अन्यथा आज तक महिलाओं को केवल चारदीवारी तक ही सीमित रखा जाता था।

सरकार ने अनेक योजना इनके लिए बनाई है। उन्होंने राम राज्य का जिक्र करते हुए कहा कि वही युग प्रधानमंत्री मोदी लाना चाहते हैं और इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्याहड़वा की जनता से अपील की कि वे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रधानमंत्री का साथ दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के हित में बड़ा कदम उठाते हुए उन्हें चूल्हे के धुएं से निजात दिलाते हुए घर-घर गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई। जो गरीब थे, उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर दिए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस की सरकारों ने सैनिकों व पूर्व सैनिकों को वन रैंक-वन पैंशन न देकर भी उनके हितों से खिलवाड़ किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सैनिकों का सम्मान बहाल किया।



### जाखौली में सर्किल कबड्डी प्रतियोगिता करवाई

**कैथल।** जाखौली में सर्किल कबड्डी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि के तौर पर जजपा युवा नेता प्रदीप कादियान जाखौली ने शिरकत करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल 37 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक डीपी, किस्मत, अनिल, कन्नड, दीपक आदि ने भाग लिया। प्रदीप कादियान ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में जीत हार कोई मायने नहीं रखती बस खिलाड़ी को अपना सब कुछ छोड़ खेल पर ध्यान रखना चाहिए। आज सरकार खेलों की ओर विशेष ध्यान दे रही है। खिलाड़ियों के लिए नौकरियों में भी आरक्षण कार्य किया है जिससे युवाओं का रूझान खेलों की ओर बढ़ रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोंगल, द्वितीय रूपगढ़ ने पाया। प्रथम टीम को 71 हजार तथा द्वितीय को 51 हजार रुपये दिया गया। प्रदीप कादियान ने खिलाड़ियों को 21 हजार की राशि से सम्मानित किया।

### सामान चोरी मामले में कबाड़ी गिरफ्तार, सात किलो तांबा बरामद

**कैथल।** फैक्ट्रियों में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करने के बाद अब सीआईए-वन पुलिस ने नौवें आरोपी कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-वन पुलिस के एएसआई मुकेश कुमार की टीम ने आरोपी गांव धमतान साहिब जिला जींद निवासी गुरमीत को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही गिरोह के आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें जींद के गांव कसूण निवासी सुरेंद्र, गौरव, दिलबाग, विकास उर्फ पिंडा व जींद के गांव सिंगपुरा निवासी हैप्पी, गांव गुरुसर निवासी रोहित, गांव सरडा निवासी सागर व श्याम नगर मोहल्ला जींद निवासी प्रीतम के रूप में हुई।

## एक को जींद में गरजेंगे रणदीप : रघुवीर

- किसान, मजदूर, खिलाड़ियों, के हितों पर डाका डालने वाले सत्ताधारियों की होगी घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस वरिष्ठ नेता रघुवीर भारद्वाज।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रघुवीर भारद्वाज ने कहा कि हरियाणा को लेकर कांग्रेस के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और जात-पात, दमन तथा पैसे के दम पर सत्ता हथियाने की सोच रखने वाली भाजपा की पोल खोलने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रा'यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला एक फरवरी को जाट धर्मशाला में जन संदेश यात्रा की प्रस्तावित जनसभा में सिंह गर्जना करेगें। इस अवसर पर पार्टी की वरिष्ठ नेत्री कुमारी शैलजा और किरण चौधरी भी विशेष तौर पर शिरकत करेगी। रघुवीर भारद्वाज रविवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसभा में हरियाणा के हर वर्ग पर कुठाराघात करने वाली भाजपा के कारनामों की पोल खोली जाएगी। इस जनसभा में प्रदेश के युवाओं का रोजगार बाहरियों को देने का कच्चा चिठ्ठा खोला जाएगा। इस जनसभा में किसानों, कमेरा वर्ग, मजदूर, खिलाड़ियों, व्यापारियों के हितों पर डाका डालने वाले सत्ताधारियों की घेराबंदी कर जाएगी। इस जनसभा में हरियाणा की बहु व बेटियों की असुरक्षा और लचर कानून व्यवस्था के लिए सरकार को आइना दिखाया जाएगा। इस जनसभा में जींद के अंदर विकास कायार्ें की आड़ में चल रहे गड़बड़झालों को उजागर किया जाएगा। इस जनसभा में जींद की खस्ताहाल सड़कों, सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार की पोल खोली जाएगी। इस जनसभा में जातपात की आड़ में राजनीतिक रोटियां सैंकने वालों के कार्यकलाप उजागर किए जाएंगे। जनसभा में जींद के अंदर डांवाडोल शिक्षा, चिकित्सा व्यवस्था की तस्वीर दिखाकर सत्ताधारियों से सवाल पूछे जाएगें। इस जनसभा में जींद के अंहकारी, नकारा और आमजन मानस को रूलाने वाले विधायक से पिछले साढ़े चार साल का हिसाब मांगा जाएगा।

## प्रदेश सरकार दे रही किसानों को लाभ : कर्मवीर

- हर वर्ग को ऊंचा उठाने के लिए किए जा रहे प्रयास : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों। सभा को संबोधित करते हुए कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

गांव बिटानी में भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। बिटानी गांव के लोगों ने कर्मवीर सैनी का ढोल, नगाड़ों के साथ तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सैनी ने कहा कि जो पगड़ी उन्होंने पहनाई हैए उसके ज्यादा मान.सम्मान व ग्रामीणों का करेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के लिए विशेष कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। 14 प्रकार की फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। सबसे ज्यादा एमएसपी हरियाणा सरकार दे रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 28 लाख किसानों को एक वर्ष में छह हजार रुपये दिए जा रहे हैं। फसल विविधिकरण अपनाने वाले किसानों को सात हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल हर वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए दिनरात काम कर रहे हैं। सब्जी उगाने पर 30 हजार रुपये प्रति एकड़, फल लगाने पर 40 हजार रुपये प्रति एकड़ किसानों को दिए जा रहे हैं। जहां प्राकृतिक आपदा के कारण फसलें खराब हो जाती हैं, उनका तुरंत मुआवजा दिया जा रहा है। सैनी ने कहा कि अब चुनाव का समय आ चुका है। सभी लोगों को चुनाव की तैयारियों में जुट जाना होगा। सभी लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बताना चाहिए। घर-घर जाकर जो भी पात्र व्यक्ति हैं, उनको सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ दिलाना चाहिए।

इस मौके पर सरपंच परसराम राणा, प्रमोद, जगत सिंह, गोविंद्र, रणबीर, जगदीश कश्यप, नफे सिंह नंबरदार, प्राध्यापक सुरेश कुमार, साधुराम, प्रेम सैनी, जोरा सैनी, प्रसादा पहलवान, वेदपाल, राजकुमार मिस्त्री, विजय राजपूत आदि जूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर पैसों की ठगी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में थाना शहर पुलिस के एसआई सुरेश कुमार की टीम ने करते हुए कलाल माजरी जिला अंबाला निवासी आरोपी गौरव कुमार निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिंद सिनेमा कैथल के पास स्थित कॉलोनी निवासी रजिया की शिकायत दी थी कि उसका बेटा इरफान बेरोजगार था। गौरव उपरोक्त एजेंट का काम करता था। गौरव ने उन्हें कहा कि वह इरफान को मलेशिया भेज देगा। इसके लिए दो लाख रुपये लगेंगे और इरफान वहां 90 हजार रुपये महीना कमाएगा। वह उसकी बातों में आ गए और एक लाख 80 हजार रुपये में बात पक्की कर ली थी।



### महिलाएं पार्टी का मजबूत स्तम्भ : शीला भयान

**कैथल।** जननायक जनता पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय मीटिंग कैथल के पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस में महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कोटड़ा की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शीला भयान व कैथल जिला अध्यक्ष रणदीप कौल पहुंचे। शीला भयान ने एक बूथ एक सखी के कार्य को पूरा करने की अपील की ओर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ने की बात कही। सुनीता कोटड़ा ने कहा कि महिलाएं किसी भी पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और उन्होंने सभी महिलाओं को एक जुट होकर नैना चौटाला के हाथों को मजबूत बनाने की अपील की। पार्टी की जिला अध्यक्ष रणदीप कौल ने कहा कि महिलाएं देश का मजबूत स्तम्भ है महिलाएं समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। इस अवसर पर रेणु रेहड़ा हल्का प्रधान कलायत, प्रवेश देवी हल्का प्रधान गुहला, पूनम शर्मा हल्का प्रधान पूंडरी, जिला की उपाध्यक्ष पूनम बलबेड़ा,चांदनी मलिक, प्रियंका गोलन, मीना ढुल हल्का प्रधान कैथल,पूनम ढिल्लो, सुनता मलिक,रेनू मलिक, सुरेंद्र कोर,प्रमिला, सरोज,अन्नू चहल,सुरेश,बलजीत मोर,बलवान कोटड़ा, सतबीर मलिक, चन्द्र भान दयोरा, प्रीतम कोलेखा, दर्पण मित्तल, आदि मौजूद रहे।

### साधकों को रोगों के उपचार के बारे में बताया

**जींद।** अर्बन यूनिट जिला जींद ने रविवार को जाट धर्मशाला के प्रांगण में बसंत उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रांतीय विशिष्ठ उपप्रधान हरदीप सिंह सांगवान और विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष रायसिंह सहारण, प्रांतीय सह प्रवक्ता धर्मवीर दलाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में 50 साधकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हरदीप सिंह सांगवान ने कई बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और निवारण करने की विधि बताई। होशियार सिंह आर्य ने बताया कि हमें भारतीय योग संस्थान का साहित्य पढना चाहिए, जिससे हमारी नॉलेज बढ़ती है। घर.घर जाकर योग का प्रचार करें। यह एक बहुत पुण्य का कार्य है। प्रांतीय सह प्रेस प्रवक्ता धर्मवीर दलाल ने बताया कि यह समय साधना बढ़ाने का बहुत ही अच्छा समय है।

### लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 10 सीटों पर खिलेगा कमल : जसमेर रजाना

## सफीदों के गांव में लोगों ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए जसमेर रजाना व अन्य।

सफीदों विधानसभा में प्रधानमंत्री की मन की बात का कार्यक्रम गांव ढाठरथ में बूथ नंबर 12 पर हुआ। जिसमें भाजपा के सोनीपत लोकसभा प्रवास कोर कमेटी सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता जसमेर रजाना पहुंचे व प्रधानमंत्री की मन की बात को सभी ग्रामीणों के साथ सुना।

रजाना ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव मे प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा। रजाना ने बताया कि जिला जींद व हरियाणा प्रदेश मे सबसे पहले सफीदों विधानसभा में भारत विकसित संकल्प यात्रा का समापन हुआ। गांव मे ग्रामीणों को विकसित भारत के कैलेंडर वितरित किए गए। रजाना ने बताया कि मुझे इस विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ सफीदों विधानसभा के लगभग सभी गावों मे जाने का अवसर मिला और हर गांव में लोगों की समस्या का मौके पर ही समाधान किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल की जो सोच है की देश व प्रदेश मे सरकार की अंत्योदयवचन कल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नए वर्ष 2047 तक भारत को एक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके दृष्टिगत दिया विकसित बार संकल्प यात्रा शुरू की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि की योजनाओं के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष रमेश, दीपक, शमशेर खान, जोगिंदर, रजनीश सहित अनेक ग्रामीणों ने मन की बात कार्यक्रम सुना।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005